सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

<u>संख्या–</u> **05**
01/01/2026

# मुख्यमंत्री को राज्य सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें दी

**पटना 01 जनवरी 2026** :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नववर्ष की शुभकामना एवं बधाई देने के लिये सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, राज्य सरकार के वरीय अधिकारीगण अन्य जनप्रतिनिधिगण पहॅुचे। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर आये लोगों की बधाइयॉ एवं शुभकामनायें स्वीकार की तथा उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी।

मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री सुरेन्द्र मेहता, सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ0 प्रमोद कुमार, सांसद श्रीमती विजय लक्ष्मी देवी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, वरीय पुलिस अधिकारी शामिल थे।

******